# चोरियों का खुलासा नहीं, पुलिस के खिलाफ धरने पर बैठे लोग

## 25 अगस्त तक चोरी के खुलासे के आश्वाशन पर धरना समाप्त

**पावटा।** भाबरु थाना क्षेत्र के भाबरु ग्राम में 18 जुलाई शुक्रवार को एक ही रात में तीन घरो में हुई लाखों रुपए की चोरी की वारदात का खुलासा नहीं होने से नाराज लोगों ने पुलिस के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए व आक्रोश जताते हुए भाबरु थाना पुलिस के सामने धरने पर बैठ गए व प्रदर्शन कर चोरी की घटनाओं का खुलासा करने की मांग की।

ग्रामीणों ने बताया कि 18 जुलाई की रात को चोरों ने 3 घरों में सेंधमारी करते हुए लाखों के सोने चांदी के जेवरात और नकदी चुरा ली। वारदात के 20 बीत जाने के उपरांत भी पुलिस प्रशासन द्वारा किसी प्रकार का कोई प्रयास नहीं किया गया। उन्होंने पुलिस और चोरों के बीच सांठगांठ होने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई नहीं करने की बात कही। नाराज लोगों ने पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए थाना अधिकारी से चोरी की घटनाओं का खुलासे की मांग की। वही धरने के दौरान विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र में चोरों व अपराधियों के हौसले बुलंद है।

पुलिस चोरी की घटनाओं व अपराधों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। इतनी सुरक्षा व्यवस्था के बावजुद चोर शातिराना अंदाज में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं कहीं ना कहीं यह क्षेत्र पुलिस की नाकामी है, और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। अब देखने वाली बात होगी की भाबरु थाना पुलिस इन चोरी की घटनाओ का खुलासा कब तक करती है। वही पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर के नेतृत्व में 7 लोगों जिसमें रामचंद्र मीणा लुहाकना, सुरेश गिठाला, मेहर सिंह धनकड, कैलाश ताखर, प्रहलाद, सुरेंद्र, हनुमान डीओ शामिल रहे।

भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया से वार्ता की गई। इस दौरान भाबरु थाना प्रभारी अंकित सामरिया ने चोरी की घटनाओं के खुलासे के लिए 22 अगस्त तक का समय मांगा जिस पर पूर्व विधायक इंद्राज गुर्जर सहित 7 सदस्यीय टीम व ग्रामीणों ने पर्वों को लेकर तीन दिन का समय अपनी तरफ से देते हुए 25 अगस्त तक का समय दिया।

इस आश्वासन के बाद ग्रामीणों द्वारा धरना प्रदर्शन समाप्त किया गया। गौरतलब है कि भाबरू थाना पुलिस को दी शिकायत में ग्राम भाबरु में किशनलाल के घर से चोर सीडी लगाकर घर में घुसे और विवाहिता के कमरे की कुंडी लगाकर ताला तोडा।

यहां से तीन सोने के मंगलसूत्र, तीन जोडी कड़ी, नथ, टीका, कंगन और अंगूठी समेत करीब 4 लाख रुपए के जेवरात चुरा लिए। वही दूसरी वारदात में चोरों ने रवि कुम्हार के घर से करीब ढाई लाख रुपए के जेवरात चोरी किए।

चोरों ने यहां बाहर की कुंडी लगाकर चोरी को अंजाम दिया। तीसरी वारदात में एक पत्रकार पंकज कौशिक के घर का ताला तोड़कर उनकी बाइक चुरा ली थी। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों सहित महिलाए मौजूद रही



पावटा में चोरी का खुलासा नहीं होने पर ग्रामीणों ने धरना दिया।

- **पुलिस चोरी की घटनाओं व अपराधों को रोकने में नाकाम ः इंद्राज गुर्जर**
- **धरने के दौरान विधायक इंद्राज गुर्जर ने कहा कि क्षेत्र में चोरों व अपराधियों के हौसले बुलंद है। पुलिस चोरी की घटनाओं व अपराधों को रोकने में नाकाम साबित हो रही है। इतनी सुरक्षा व्यवस्था के बावजुद चोर शातिराना अंदाज में चोरी की घटनाओं को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं कहीं ना कहीं यह क्षेत्र पुलिस की नाकामी है, और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।**

## निगम की कार्रवाई के विरोध में व्यापारियों ने दुकानें बंद की

**अजमेर,** 07 अगस्त (कासं)। नगर निगम द्वारा परकोटा क्षेत्र के कड़क्का चौक में बुधवार देर शाम को जर्जर घोषित एक भवन को गिराने की कार्रवाई के बाद विवाद गहरा गया। गुरुवार को स्थानीय व्यापारियों और क्षेत्रवासियों ने निगम प्रशासन पर बिना पूर्व सूचना या नोटिस के कार्यवाही करने का आरोप लगाया। नाराजग व्यापारियों ने दुकानें बंद रखकर धरना देकर विरोध जताया। उन्होंने आरोप लगाया कि जर्जर दुकानों को गिराने की कार्रवाई से न केवल नुकसान पहुंचा, बल्कि पास की पांच मंजिला इमारत भी असंतुलित होकर झुक गई, जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

कड़क्का चौक व्यापारिक एसोसिएशन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में गुरुवार को क्षेत्र के व्यापारियों ने अपनी अपनी दुकानें बंद रखकर और धरना देकर निगम इस कार्यवाही के खिलाफ विरोध जताया। व्यापारियों का कहना है कि निगम अधिकारियों और पार्षद की कथित मिली भगत से सुरक्षित इमारत को जर्जर बताकर गिरा दिया गया, जिससे आसपास के मकानों को खतरा भी उत्पन्न हो गया है। पूर्व पार्षद एवं एसोसिएशन अध्यक्ष कैलाश सोनी ने आरोप लगाया कि जर्जर भवन बताकर जो बिल्डिंग गिराया जा रहा था, उस समय मौके पर कोई भी तकनीकी अधिकारी मौजूद नहीं था। कार्मिकों ने जेसीबी मशीन चलाई गई, इसके बाद तीन से चार दुकानों में भारी नुकसान हुआ है। दुकानदार सुनील लड्डा ने बताया कि जिस इमारत को तोड़ा गया उसमें उनकी दुकान थी, जो पूरी तरह सुरक्षित थी। अब उसके पास स्थित पांच मंजिला बिल्डिंग हवा में झूल रही है और कभी भी गिर सकती है।

## इसी सत्र से मिलेंगे एडमिशन, हर स्कूल में टीचर के दो पद भी मिले

**बीकानेर ।** शिक्षा विभाग ने प्रदेश के अलग-अलग जिलों में 44 नए प्राइमरी स्कूल शुरू किए हैं। इन स्कूलों में इसी सत्र से पढ़ ाई शुरू होगी। फिलहाल इन स्कूलों को किसी सुरक्षित परिसर में शुरू किया जाएगा और बाद में जन सहयोग से भवन का निर्माण करवाया जाएगा। सभी स्कूलों में दो-दो टीचर के पद भी दिए हैं। नए जिलों में भी ये स्कूल ग्रामीण क्षेत्रों में खोले गए हैं। खास बात ये है कि इन स्कूलों के लिए अभी तक भवन की व्यवस्था ही नहीं हुई और स्कूल खोल दिए गए हैं।

माध्यमिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि विद्यालय के लिए भवन की व्यवस्था होने तक किसी सुरक्षित परिसर में इन्हें इसी सत्र में शुरू किया जाएगा। ये सुरक्षित परिसर कोई सरकारी स्कूल या फिर कोई सरकारी परिसर हो सकता है। स्कूल भवन बनाने के लिए जन सहयोग का प्रयास होगा। अगर जनसहयोग नहीं मिलता है तो समग्र शिक्षा अभियान, नाबार्ड या फिर एमपी-एमएलए के कोटे से भवन का निर्माण होगा। फिलहाल इसी सत्र से स्कूल शुरू करने के लिए शिक्षा विभाग ने दो-दो टीचर के पद दिए हैं। ये नए पद नहीं है बल्कि जिलों में पहले से रिजर्व पड़े पदों का ही आवंटन किया गया है। नए खुले स्कूल में टीचर की व्यवस्था मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी को करनी होगी। इसके लिए ब्लॉक शिक्षा अधिकारी अपने क्षेत्र के उन टीचर्स को हटायेगा, जिनके यहां नामांकन कम है और टीचर अधिक है। ऐसे टीचर्स को प्राथमिकता से नए स्कूल में भेजा जाएगा। राजस्थान में वर्तमान में 19 हजार 600 सीनियर सैकंडरी स्कूल है, वहीं 48 हजार स्कूल प्राइमरी व अपर प्राइमरी स्तर के हैं।


**कार्यालय अधिशाषी अभियंता, जन स्वा. अभि. विभाग, खण्ड कोलायत**

क्रमांक-1364 दिनांक-05.08.2025

**Corrigendum-2 of Nit: 16-26/2025-26**

**Corrigendum-2 is hereby issued for NIT 16-26/2025-26.** Registered interested bidders are invited to participate upto 12.08.2025 at 14.00 hours. Other particulars of bid may be visited on the procurement portal www.sppp.rajasthan.nic.in & "http://eproc.rajasthan.gov.in" of the state.

*जल सीमित है, इसकी बचत करें।*

(धर्मेन्द्र कुमावत)
अधिशाषी अभियंता
जन स्वा अभि विभाग, खण्ड कोलायत

DIPR/C/11171/2025



**अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर**

टोडरमल लेन, सिविल लाईन्स, अजमेर, Email :- ajmerada@gmail.com, Website :- www.rajasthan.gov.in/ada, Tel.No. :- 0145-2627748-2627749

क्रमांक :- अविप्रा/प.2/तकनीकी/2025-26/राजकाज 16991542 दिनांक :- 06/08/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 23/2025-26**

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर की ओर से जारी विभिन्न कार्यों की अनुमानित लागत राशि 149.67 लाख की ई-निविदा दिनांक 21.08.2025 सांय 06:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित समस्त विवरण वेबसाईट (http://eproc.rajasthan.gov.in) एवं (http://sppp.raj.nic.in) http://www.urban.rajasthan.gov.in/ada पर देखा जा सकता है।

UBN No. :- AJD2526WSOB00083 - 92

अधिशाषी अभियन्ता
अजमेर विकास प्राधिकरण

राज.संवाद/सी/25/7736



**कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति समरानियां जिला बारां (राज.)**

क्रमांक :- 219 - 232 दिनांक :- 05/08/2025

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति, समरानियां द्वारा आई.टी. उपकरण हेतु रजिस्टर्ड प्रतिष्ठित फर्मों/अधिकृत डीलरों/विक्रेताओं से निर्धारित प्रपत्र मे ई-प्रोक्योरमेंट (www.eproc.rajasthan.gov.in) के माध्यम से ऑनलाईन ई-निविदाऐं दिनांक 17.08.2025 को सायं 5:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in, www.eproc.rajasthan.gov.in व विभागीय पोर्टल agriculture.rajasthan.gov.in/mandi पर भी देखा जा सकता है। निविदा की अनुमानित कुल लागत 15.00 लाख रु. है। UBN No.: DAM2526WSOB00594

सचिव
कृषि उपज मण्डी समिति, समरानियां

राज.संवाद/सी/25/7754



**RajCOMP Info Services Limited (RISL)**

C-Block, 1st Floor, Yojana Bhawan, Tilak Marg, C-Scheme, Jaipur

RISL द्वारा निम्न ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैं :-

| NIB No./ Date/ Unique bid no. | Particulars | Estimated Cost / EMD | Start of Sale / Last Date |
|---|---|---|---|
| 25217005/05.08.2025 RIS2526SLOB00023 | Selection of Agency for Providing Project Support Unit (PSU) for e-Governance Initiative. | Rs. 80 Lacs/- Rs. 1,60,000/- | 05/08/2025 08/09/2025 |

विस्तृत जानकारी हेतु इन वेबसाईट पर सम्पर्क करें - http://risl.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http://doitc.rajasthan.gov.in and http://eproc.rajasthan.gov.in

Raj.Samwad/C/25/7733 SA (Joint Director)


# तीस किलो गांजा सहित तीन तस्कर गिरफ्तार

**कोटा,** (निसं)। रानपुर पुलिस टीम ने नाकाबंदी के दौरान कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा 30 किलो 499 ग्राम सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये मादक पदार्थ की अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 15.25 लाख रूपये है। शहर पुलिस अधीक्षक तेजस्वनी गौतम ने बताया कि पुलिस उप अधीक्षक मनीष शर्मा के सुपरविजन में रानपुर थानाधिकारी रामविलास मीणा के नेतृत्व में टीम ने कार्यवाही करते हुए अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित तीन तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। शहर एसपी ने बताया कि रानपुर थानाधिकारी रामविलास मीणा ने मय जाप्ता इलाके के जगपुरा चौकी के सामने झालावाड़ से कोटा आने वाले रोड़ पर नाकाबंदी की। शहर एसपी ने बताया कि नाकाबंदी के दौरान दोनों तरफ से आने-जाने वाले वाहनों की सघन चैकिंग की जा रही थी। इसी दौरान तीन व्यक्ति जिनके पास तीन प्लास्टिक के कट्टे व एक पीठू बैग था। शहर एसपी ने बताया कि पुलिस नाकाबंदी को देखकर तीनों व्यक्ति मुड़कर वापस झालावाड़ की ओर जाने लगे, संदेह होने पर मौके पर मौजूद पुलिस टीम ने तीनों व्यक्तियों को रोककर डिटेन कर मौके पर तलाशी ली तो एक व्यक्ति हंसराज के कब्जे से 4 किलो 677 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा, दूसरे व्यक्ति लक्ष्मण के कब्जे से 21 किलो 153 ग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा एवं तीसरे व्यक्ति गिरधारीलाल के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा 4 किलो 669 ग्राम बरामद हुआ। पुलिस टीम ने तीनों तस्करों के कब्जे से कुल अवैध मादक पदार्थ गांजा 30 किलो 499 ग्राम बरामद किया।

- **जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 15.25 लाख रूपये**



15 लाख की कीमत के अवैध मादक पदार्थ गांजा सहित तीन तस्करों को रानपुर पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया।

# आरएएस अधिकारी काकड़ निलंबित

**सूरतगढ़।** यहां लंबे समय से चली आ रही भूमि आवंटन में अनियमितता की शिकायतों के बाद राज्य सरकार ने पूर्व उपखंड अधिकारी रहे संदीप कुमार काकड़ को निलंबित कर दिया है। काकड़ वर्तमान में हनुमानगढ़ पदस्थापित हैं।

यह कार्रवाई क्षेत्र में बड़े पैमाने पर राजकीय भूमि के अनियमित आवंटन की शिकायतों के आधार पर की गई है। उप शासन सचिव महेश कुमार मीणा द्वारा बुधवार को जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि संदीप कुमार पर स्माल पेच और मीडियम पेच के तहत राजस्व भूमि के आवंटन में गड़बड़ी के गंभीर आरोप हैं। इन शिकायतों की गंभीरता को देखते हुए उनके खिलाफ विभागीय जांच शुरू की गई है, जो वर्तमान में विचाराधीन है। निलंबन की अवधि के दौरान उन्हें मुख्यालय शासन सचिव, कार्मिक विभाग, जयपुर के शासन सचिवालय कार्यालय में नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

गौरतलब है कि सूरतगढ़ क्षेत्र में भूमि आवंटन से जुड़ी अनियमितताओं की शिकायतें लंबे समय से चर्चा में थीं। स्थानीय लोगों और विभिन्न संगठनों ने इस मुद्दे को बार-बार उठाया था, जिसके बाद सरकार ने इस मामले में संज्ञान लिया। हाल ही में हुए आरएएस और आईएएस के तबादलों उपखंड अधिकारी संदीप कुमार काकड़ का सहायक निदेशक, लोक सेवाएं, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग, हनुमानगढ़ तबादला कर दिया था।

- **सूरतगढ़ में सरकारी भूमि के अनियमित आवंटन का आरोप, जांच के चलते गिरी गाज**


**कार्यालय नगर पालिका मांगरोल, जिला-बारां (राज0)**

क्रमांक/न.पा.मा./2025/2133 दिनांक 04.08.2025

**ई निविदा सूचना वर्ष 2025-26**

NIB CODE- DLB2526A4417

नगर पालिका मांगरोल द्वारा सिविल कार्य हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो से 10 कार्यो की मोहरबन्द Online निविदा (तकनीकी व वित्तीय दो लिफाफा पद्धति) आमंत्रित की जाती हैं। निविदा Online दिनांक 07.08.2025 से 22.08.2025 तक प्राप्त कर दिनांक 26.08.2025 को खोली जावेगी। निविदा संबंधी विवरण का अवलोकन नगर पालिका मांगरोल कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को देखा जा सकता है।

कार्य का विवरण www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता हैं एवं कार्य की व्दसपदम निविदा http://eproc.rajasthan.gov.in पर ही प्राप्त की जावेगी।

| क्र.सं. | UBN No. |
|---|---|
| 1 | DLB2526WSOB13921 |

अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका मांगरोल

राज.संवाद/सी/25/7727


# 1100 शिवलिंगों के साथ सहस्त्र जलधारा

**नसीराबाद,**07 अगस्त (निसं)। श्रावण मास की पावन बेला में शिव आराधना की अनूठी छटा देरांठू कस्बे में देखने को मिली, जहां राठौड़ परिवार द्वारा 1100 शिवलिंगों की पूजा कर सहस्त्र जलधारा का भव्य आयोजन किया गया।

गुरुवार को कस्बे के राठौड़ भवन स्थित रावले परिसर में आयोजित इस धार्मिक अनुष्ठान में भंवरसिंह राठौड़, राजेन्द्र सिंह राठौड़, महेन्द्र सिंह राठौड़, चैन सिंह राठौड़ एवं सरपंच विजेन्द्र सिंह राठौड़ सहित समस्त राठौड़ परिवार ने सामूहिक रूप से सहभागिता निभाई। यह आयोजन संत रामदास त्यागी (खारी का लाम्बा) एवं संत रामदास त्यागी (बालाजी धाम) के सान्निध्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में आचार्य पंडित पवन दाधीच एवं आशिष दाधीच ने विधि-विधान के साथ मिट्टी के 1100 शिवलिंगों की स्थापना कर पूजा संपन्न करवाई, तत्पश्चात भक्तों द्वारा सहस्त्र जलधारा के अंतर्गत जलाभिषेक किया गया।

सहस्त्र जलधारा के दौरान ॐ नमः शिवाय और सुमधुर शिव भजनों की गूंज से पूरा वातावरण शिवमय हो गया। श्रद्धालुओं ने पूरे भाव और भक्ति के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया। धार्मिक आयोजन में देरांठू सहित आस-पास के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इसी क्रम में, देरांठू के पूर्व सरपंच शैतान माली द्वारा सनोद रोड स्थित स्पून पाइप फैक्ट्री परिसर में स्थापित शिव मंदिर पर भी सहस्त्र जलधारा का आयोजन गुरुवार को विधिवत रूप से किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भाग लेकर शिवलिंग पर जल अर्पण किया। श्रावण मास के इस पावन अवसर पर राठौड़ परिवार द्वारा किया गया यह आयोजन धार्मिक आस्था, सामाजिक एकता और सांस्कृतिक चेतना का सुंदर उदाहरण बना।

## कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**अलवर ।** जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. आर्तिका शुक्ला ने 9 अगस्त को रक्षाबंधन का त्योहार, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस एवं 16 अगस्त को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के त्योहार के अवसर पर जिले में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने व साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने हेतु संबंधित उपखण्ड अधिकारी को संबंधित उपखण्ड के लिए एवं संबंधित तहसीलदार को संबंधित तहसील क्षेत्र के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

# सात ठग गिरफ्तार

**उदयपुर ।** शहर के नाई थाना पुलिस ने नादरा गांव में स्थित विला पर दबीश देकर अमेरिकी नागरिकों को लोन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले सात ठग गिरफ्तार इनके कब्जे से 9 लेपटॉप, 10 मोबाईल व अन्य उपकरण जब्त किए। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गोपाल स्वरूप मेवाड़ा, पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह के सुपरविजन में नाई थाना अधिकारी लीलाराम के नेतृत्व में गठित दल को मुखबीर से सूचना मिली की नादरा गांव नाई में स्थित जय विला में सात व्यक्तियों द्वारा मिलकर अमेरिकी नागरिकों की व्यक्तिगत जानकारी मोबाईल नंबर, नाम व पते प्रापत कर अमेरिकन नागरिकों को गुगल वॉइस से इंटरनेट कॉल व मैसेज कर लोन अप्रुव करने के नाम पर प्रोसोसिंग चार्ज, लोन राशि ट्रांसफर चार्ज और लोन ईन्श्योरेंस चार्ज के नाम पर धोखाधडी कर डॉलर में राशि प्राप्त की जा रही है। इस पर पुलिस टीम ने मौके पर पहुंच कर कार्यवाही करते हुए मौके से बिनोय , विजयसिंह, नीरज,अभिषेक सिंह , रोबिन औंकार गणेश भिण्डी दबोचा ।


**बीकानेर नगर निगम**

नगर निगम मार्ग, बीकानेर (राजस्थान) फैक्स :- 0151-2226906, फोन :- 0151-2226902, 0151-2226905
E-Mail Address :- nagarnigambikaner@gmail.com, Web Site :- www.bikanermc.org

क्रमांक/निर्माण/2025-26/13985 दिनांक 05.08.2025

**ई- निविदा-सूचना सं0 84/2025-26**

नगर निगम बीकानेर की ओर से विभिन्न कार्यो (कुल 01 कार्य) के लिये केन्द्र व राज्य सरकार के अभियांत्रिकी विभागों में "ऐऐ", "ऐ" श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं नगर निगम में उपर्युक्त श्रेणी में पंजीकृत निविदादाताओं से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेंट प्रक्रिया से ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट www.bikanermc.org Web site www.SPPP.raj.nic.in से व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

निविदा की कुल लागत 40.00 लाख
UBN Number :- DLB2526WSOB13763

आयुक्त
नगर निगम, बीकानेर

राज.संवाद/सी/25/7703


# प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी शर्तों पर काम करता है : सतीश पूनिया

**भीलवाड़ा।** भीलवाड़ा में अपने एक दिवसीय दौरे के दौरान बीजेपी नेता सतीश पूनिया ने कहा "भारत अब किसी भी चुनौती का सामना करने में सक्षम।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता एवं हरियाणा प्रभारी डॉ. सतीश पूनिया ने 7 अगस्त, 2025 को भीलवाड़ा के एक दिवसीय दौरे के दौरान महत्वपूर्ण बयान दिए। उन्होंने अमेरिकी टैरिफ बढ़ोतरी जैसे आर्थिक दबावों को लेकर कहा कि "भारत अब पहले जैसा नहीं रहा। आज हम न केवल आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि 75 देशों को हथियारों की आपूर्ति भी कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत अपनी शर्तों पर काम करता है। पुनिया सुबह 9:30 बजे शहर पहुँचे और सुभाषनगर स्थित जैन स्थानक में महासाध्वी डॉ. कुमुदलता जी के दर्शन किए। इसके बाद पूर्व सभापति दिनेश शर्मा के निवास पर उनकी माताजी के निधन पर श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रातः 11 बजे सर्किट हाउस में स्थानीय भाजपा कार्यकर्ताओं से मुलाकात की, जहाँ उन्होंने पार्टी संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया। सायं 4 बजे माधव गौशाला का निरीक्षण किया और पशु कल्याण योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। शाम 5 बजे वे जयपुर रवाना हुए। सर्किट हाउस में मीडिया से बातचीत के दौरान पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद उठे सवालों पर पूनिया ने कहा कि "भाजपा सभी जातियों और समुदायों को साथ लेकर चलती है। उन्होंने भयमुक्त चुनाव के लिए चुनाव आयोग के सशक्तीकरण की वकालत की और कांग्रेस द्वारा इसका विरोध करने की आलोचना की। प्रेस वार्ता के दौरान जब पत्रकारों ने उनकी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के बारे में पूछा, तो पूनिया ने जोर देकर कहा मैं पार्टी का एक समर्पित कार्यकर्ता हूँ। मेरी कोई व्यक्तिगत डिमांड नहीं है। जिस भूमिका में हूँ, उसमें पूरी तरह संतुष्ट हूँ।" उनके इस दौरे के दौरान निर्दलीय विधायक अशोक कोठारी की मौजूदगी चर्चा का विषय बनी, तो वहीं भाजपा के वर्तमान जिलाध्यक्ष प्रशांत मेवाड़ा के कार्यक्रम में मौजूद नहीं होना और दूसरी और पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष लादूलाल तेली का मोर्चा संभालना भी राजनीतिक चर्चा का विषय बना हुआ है।



भाजपा नेता सतीश पूनिया ने भीलवाड़ा में कई कार्यक्रमों में हिस्सा लिया।

- **पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद उठे सवालों पर पूनिया ने कहा कि "भाजपा सभी जातियों को साथ लेकर चलती है। उन्होंने भयमुक्त चुनाव के लिए चुनाव आयोग के सशक्तीकरण की वकालत की और कांग्रेस द्वारा इसका विरोध करने की आलोचना की।**

## खाद्य सुरक्षा विभाग की बड़ी कार्यवाही

**सवाईमाधोपुर।** आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रक जयपुर व जिला कलक्टर के निर्देशानुसार रक्षाबंधन के त्योहार पर जिले में खाद्य पदार्थ एवं मिठाईयां की बढत्री हुई खपत को देखते हुए उसमें मिलावट की आशंका पर चलाए जा रहे शुद्ध आहार मिलावट पर वार अभियान के तहत नमूनीकरण की कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी दल द्वारा की गई ।मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सवाई माधोपुर डॉ अनिल जैमिनी ने बताया कि खाद्य सुरक्षा अधिकारी वेद प्रकाश पूर्विया व खाद्य सुरक्षा अधिकारी नितेश गौतम के नेतृत्व मे गुरुवार को मैसर्स आनंद मिष्ठान भण्डार, टोंक बस स्टैंड से शिकायत के आधार पर रबड़ी का नमूना लिया तथा संस्थान में सफाई रखने व उच्च गुणवत्ता वाले खाद्य सामठी रखने के निर्देश दिए। इसके बाद टीम सिटी सेंटर बजरिया स्थित मैसर्स विनायक वाला पहुंची ।वहाँ से टीम ने मावामिठाई ,कलाकंद,जलेबी, नुक्ति, मावा कतली के 5 नमूने खाद्य सुरक्षा एवम मानक अधिनियम के अंतर्गत लिए 5 किलो कलर वाली नुक्ति मोके पर ही नष्ट करायी । इसके बाद टीम रीको इंडस्ट्रियल एरिया खेरदा स्थित निर्माण इकाई जनता जोधपुर मिष्ठान भंडार के गोदाम पर छापा मारा।


**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड सांचौर**

क्रमांक-अअ/सांचोर/2024-25/1463 दिनांक-29.07.2025

**निविदा सूचना संख्या-08/2025-26**

NIB NO.: PWD2526A2306

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर Repair work हेतु उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार/केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों/केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग/डाक एवं दूर संचार विभाग/रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में कार्य जिनकीलागत राशि रू. 78.84 लाख है

| | |
|---|---|
| निविदा आवेदन | 30 जुलाई 2025, 9.30 बजे से 11 अगस्त 2025, सायं 6.00 बजे तक |

निविदा से सम्बन्धित विवरण वेब साईट http://dipr.rajasthan.gov.in व http://sppp.rajasthan.gov.in व http://eproc.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है। सम्पूर्ण निविदा प्रक्रिया http://eproc.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन सम्पादित की जायेगी। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। कार्यवार यू.बी.एन. संख्या निम्नानुसार है।

UBN NO.-1. PWD2526WSOB08464, 2. PWD2526WSOB08465, 3. PWD2526WSOB08466, 4. PWD2526WSOB08468, 5. PWD2526WSOB08472, 6. PWD2526WSOB08476

(प्रदीप पंवार)
अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड सांचौर

DIPR/C/11161/2025



**कार्यालय प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं पदेन सचिव राजस्थान मेडीकेयर रिलीफ सोसायटी राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा (राज.)**

क्रमांक-स्टोर/ई-निविदा/2025/5013 दिनांक-31.07.2025

**ई-बोली आमंत्रण सूचना 04/2025**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा द्वारा वित्तीय वर्ष 2025 के लिये निम्नलिखित सामग्री/सेवाओं के उपापन हेतु ईच्छुक निविदादाताओं, पंजीकृत आपूर्तिकर्ताओं एवं सेवा प्रदाता ऐजेन्सियों से ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है-

| क्र. सं. | उपापन की विषय वस्तु | राशि (लाखों में) | UBN NO. |
|---|---|---|---|
| 1 | राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा हेतु आर्थोपैडिक विभाग में Arthoplasty Implants सप्लाई कार्य दर संविदा | 90.00 | MHS2526GLRC03122 |
| 2 | राजकीय जिला चिकित्सालय दौसा हेतु आर्थोपैडिक विभाग में Normal Implants सप्लाई कार्य दर संविदा | 90.00 | MHS2526GLRC03121 |
| 3 | लैबोरेटरी/ब्लड बैंक रिजेन्टस एवं कन्ज्यूमेबल आईटम्स क्रय हेतु दर संविदा | 95.00 | MHS2526GLRC03125 |
| 4 | बैंडेज, कॉटन रोल, गॉज थान, सैनेटरी पेडस एवं कन्ज्यूमेवल आईटम्स दर संविदा | 50.00 | MHS2526GLRC03123 |
| 5 | टेंक से जल आपूर्ति कार्य दर संविदा | 12.00 | MHS2526WSRC03120 |

विस्तृत जानकारी निविदा प्रपत्र एवं शर्ते निर्धारित तिथि व समय तक http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in से डाउनलोड कर प्राप्त किये जा सकती है।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी एवं पदेन सचिव
आर.एम.आर.एस., जिला चिकित्सालय दौसा (राज.)

DIPR/C/11087/2025